जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 अगस्त 2022

प्रेस विज्ञप्ति

## आजादी का अमृत महोत्सव : जामिया में तिरंगा रैली व ध्वज वितरण का आयोजन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रो नजमा अख्तर ने भारतीय स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के तहत वीसी कार्यालय लॉन में आज तिरंगा रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विश्वविद्यालय और जामिया स्कूलों के छात्र, एनसीसी कैडेट और एनएसएस वॉलेंटीयर, डीन, एचओडी और वरिष्ठ संकाय सदस्यों सहित शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया।

हाथों में तिरंगा लिए और देशभक्ति के नारे लगाते हुए रैली में शामिल लोग मौलाना मोहम्मद अली मार्ग से गुजरे और पूरे परिसर से होकर विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर में समापन किया। रैली के बाद वॉलेंटीयर्स ने आसपास के इलाकों में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया।

इस अवसर पर अपने भाषण में प्रो. अख्तर ने कहा, "जामिया प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में बड़े जोश, उत्साह और देशभक्ति के जज़्बे के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस मौके पर हम कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज 'हर घर तिरंगा अभियान' को हरी झंडी दिखाई और मैं सभी से अपने कार्यालय और आवास पर तिरंगा फहराने और इसे सफल बनाने में भाग लेने की अपील करती हूँ।

14 अगस्त, 2022 को सुबह 10.00 बजे विश्वविद्यालय के एमएके पटौदी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से एक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। जामिया की कुलपति, 'प्रेमचंद आर्काइव्स एंड लिटरेरी सेंटर' में उसी दिन सुबह 11.30 बजे 'रिकॉलिंग द हॉरर्स ऑफ द ब्रिटिश रूल इन पिक्टोरियल एंड पोएटिक एफ्लेक्शन्स' नामक एक प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन करेंगी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया